# देवपुर में शिव अमृत कुंड में किया स्नान, भैरों कुंड में दीपदान

**खास बातें**

- देवपुर एवं करीला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब
- कार्तिक पूर्णिमा पर जगह-जगह हुए धार्मिक कार्यक्रम





**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 5 नवम्बर, कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में कार्तिक मेले में तथा प्रसिद्ध करीला में मां जानकी जी दरबार में आस्था का जनसैलाब दिखा. तीर्थक्षेत्र देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में भक्तों ने बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित शिव अमृत कुंड में स्नान तथा भैरों कुंड में दीपदान किये. देवपुर में आयोजित पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले में अंतिम दो दिन में करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे. तो वही कार्तिक पूर्णिमा पर प्रसिद्ध करीला में भी बड़ी तादाद में भक्तों ने पहुंचकर मां जानकी जी एवं लवकुश जी मंदिर में दर्शन किये. सिरोंज शहर में श्री कार्तिक महोत्सव समिति द्वारा मां त्रिपुर सुंदरी घाट पर आयोजित किये जा रहे कार्तिक महोत्सव तथा श्री मदनमोहन सरकार मंदिर में आयोजित हो रहे कार्तिक मंगला महोत्सव का भी परायण हुआ.**

कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पांच दिवसीय मेले में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुँचें. देवपुर मेले में विभिन्न खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, पूजन सामग्री एवं मनोरंजन के साधनों की करीब 200 से अधिक दुकानें लगाई गई. जिनपर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर खरीददारी की. मेले में मनोरंजन के लिए लगाये गये झूलों पर भी बच्चों की भीड़ लगी रही.

### ध्वज लेकर भजन, कीर्तन करते देवपुर पहुंचे भक्त

कार्तिक पूर्णिमा पर कई भक्त पिंड भरते हुए, तो कई भक्त हाथों में ध्वज पताका लेकर भजन, कीर्तन करते हुए पैदल देवपुर पहुँचे. इस दौरान दिनभर सिरोंज-आरोन मार्ग पर श्रद्धालु देवपुर की ओर जाते हुए दिखाई दिए. क्षेत्र से श्रद्धालुओं का देवपुर पहुँचने का क्रम मंगलवार से ही प्रारंभ हो गया था. जो बुधवार को भी दिनभर जारी रहा. सिरोंज-आरोन मार्ग पर देवपुर जाने के लिये दिनभर वाहनों की कतार दिखाई दी.

### करीला में मां जानकी दरबार में भक्तों ने किये दर्शन

कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र के प्रसिद्ध करीला धाम में भी मेले जैसा वातावरण दिखा. इस मौके पर हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसिद्ध करीला धाम पहुँचकर माता जानकी जी एवं लवकुश जी मंदिर में दर्शन किये. वही श्रृद्धालुओं द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस मौके पर माता जानकी के दरबार में नृत्यांगनाओं द्वारा राई नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई. वही बच्चों के मनोरंजन के सामानों के साथ ही प्रसादी एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानों पर भी लोगों ने पहुंचकर खरीददारी की.

### देवपुर कार्तिक पूर्णिमा मेले में भक्तों की लगी भीड़

कार्तिक पूर्णिमा पर नगर एवं ग्रामीण अंचलों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर पहुँचें. इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ जी मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर भगवान विश्वनाथ जी के दर्शन कर पूजा, अर्चना की. वही श्रृद्धालुओं द्वारा भजन, कीर्तन के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया. बाबा विश्वनाथ तीर्थ कल्याण समिति देवपुर के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल ने बताया कि देवपुर में आयोजित पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले में अंतिम दो दिन में करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे है. इस दौरान तीर्थक्षेत्र देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में भक्तों ने बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित शिव अमृत कुंड में स्नान तथा भैरों कुंड में दीपदान किये. उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को लेकर समिति द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी. बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शनों के लिये महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग कतारे लगाई गई थी. इसे हेतु मंदिर परिसर में बैरिकेटिंग की गई थी. वहीं मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड में महिलाओं एवं पुरुषों के स्नान के लिये अलग-अलग व्यवस्था की गई थी.

### कार्तिक महोत्सव में हुआ दीपदान

कार्तिक मास में कार्तिक महोत्सव समिति सिरोंज द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्तिक महोत्सव का बुधवार को परायण हुआ. समिति द्वारा कार्तिक मास के दौरान प्रतिदिन माँ त्रिपुर सुंदरी घाट श्री शीतला माता मंदिर मार्ग पंचकुईयां पर प्रातः काल कार्तिक स्नान का आयोजन किया गया. वही प्रतिदिन आँवला, तुलसी पूजन तथा सायं को आरती एवं दीपदान कार्यक्रम हुए.

### श्री मदनमोहन सरकार में मना देव दीपावली उत्सव

कार्तिक पूर्णिमा पर श्री मदनमोहन सरकार के दरबार में बुधवार को सायं को देव दीपावली उत्सव मनाया गया. कार्तिक पूर्णिमा पर श्री मदनमोहन सरकार को छप्पन भोग अर्पित किये गये. इस मौके पर प्रातः मंगला आरती हुई. वही श्रृद्धालुओं को अन्नकूट प्रसादी वितरण किया गया. साथ ही श्री मदनमोहन सरकार मंदिर में पं. नवनीत शर्मा के मुखारबिंद से आयोजित की जा रही कार्तिक मास की कथा की पूर्णाहुति हुई. इस दौरान श्री मदनमोहन सरकार के दरबार में आकर्षक श्रृंगार किया गया. इसके साथ ही सरकार के दरबार में आयोजित किए जा रहे.

**एक नजर में**

### नवोत्थान पथ संचलन आज

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** राष्ट्र सेविका समिति सिरोंज नगर द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन 6 नवंबर गुरुवार को आयोजित किया जावेगा. जो स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर लिंक रोड विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर पुन: लिंक रोड विद्यालय पर पहुंचेगा. इस संबंध में जानकारी नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान ने बताया कि स्त्री राष्ट्र की आधार शिला है. इस ध्येय को लेकर राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं के मध्य कार्य करने वाला संगठन है. महिलाओं के मध्य स्वाबलंबन, साहस के साथ ही स्वधर्म, स्वदेश के प्रति श्रद्धा व समर्पण के भावों के जागरण का उद्देश्य आगे रखते हुए इस संचलन का नाम नवोत्थान रखा गया है. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका कृष्णा श्रीवास्तव तथा मुख्य वक्ता विदिशा विभाग सह कार्यवाहिका रश्मि ताम्रकार मौजूद रहेंगी.

### जंगली सुअर भिड़ने से हुए घायल

**नवभारत न्यूज**



**गंजबासौदा,** गंजबासौदा से ग्राम कुचोली जा रहे वाहन से तैनाती रात्रि 11 बजे सड़क पर अचानक दर्जन भर जंगली सूअर सामने आ गए और दो पहिया वाहन से भिड़ गए.इससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह है सड़क किनारे वाहन सहित गिर पड़े जिससे लहू लोहांग हो गए. जिन्हें चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.

# सफाई कामगारों का सम्मान कर उन्हें बांटी मिठाई

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नगर की स्वच्छता में सफाई कामगारों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है.आपकी गलियां, नालियां, सड़क चमकती धमकाती दिखाई देती हैं उसके पीछे सफाई कामगारों की मेहनत रंग लाती है. उक्त बात आज यहां नगर पालिका परिषद में आयोजित एक सादे समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने कहीं.**

नगर पालिका परिषद द्वारा दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष में सभी सफाई कामगारों को आमंत्रित किया गया.सभी को नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद संजय रिचा भावसार, नीलू चौबे, जगदीश व्यास, सुनील साहू, सरदार अहिरवार, शुभम रघुवंशी सहित अन्य ने फूल मालाएं पहनाई और तिलक करके दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी. इस मौके पर सभी को मिष्ठान वितरण भी किया गया.सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि सफाई कामगार कंधे से कंधा मिलाकर नगर की स्वच्छता को बरकरार रखे हुए हैं.सुबह शाम अभियान चलाकर सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है.मैं सफाई कामगारों की प्रशंसा करता हूं और सभी से इसी तरह आगे भी काम करने की अपेक्षा रखता हूं.

# बेटियों ने अम्मा को मुखाग्नि देकर दी अंतिम विदाई



**भाजपा के संस्थापक सदस्य स्व. ठा. जयराज सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी का हुआ स्वर्गवास**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** भाजपा के वरिष्ठ एवं संस्थापक सदस्य दबंग नेता वर्ष 1994 में पार्षद रहे स्व .जयराज सिंह की धर्म पत्नी श्रीमती विद्यादेवी ने 86 वर्ष की उम्र पूर्ण कर अंतिम सांस ली. इनकी सात संतानों में सभी पुत्रियां ही हैं.इसलिए पुत्रों के सभी दायित्व इन्हीं पुत्रियों ने निभाए.स्वर्गीय जयराज सिंह ठाकुर अपने जीवन काल में गंजबासौदा में सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता से एक जानी-मानी शख्सियत हुआ करते थे.उनके जाने के बाद परिवार के समस्त दायित्व और भरण पोषण की जिम्मेदारी इन्हीं बेटियों के कंधों पर आ गई जिसे इन्होंने यथासंभव एक जिम्मेदार पुत्र से बेहतर निभाकर शहर में अपना परिचय दिया.

### बेटियों की अद्भुत सेवा

श्रीमती विद्या देवी करीब 8 वर्षों से बच्चों के समान बुद्धि के साथ अपने नित्य कर्म के लिए भी पूर्णत: अपनी बेटियों पर ही निर्भर थीं और मीना सिंह, शीला सिंह, सुमन सिंह, निशा सिंह, नीता सिंह, प्रीति सिंह ओर ज्योति सिंह बेटियों ने भी मां की तरह अपनी अम्मा का भरपूर ख्याल रखना अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया था आज इन्हीं बेटियों में से नीता सिंह द्वारा अंतिम क्रिया और मुखाग्नि देकर बेटे समान अपना अंतिम कर्तव्य भी पूर्ण किया.जिन माता-पिता की बेटियां उनके प्रति इस भाव से अपने दायित्व का निर्वाह करने वाली हों तो संतान के रूप में सिर्फ पुत्रों के प्रतिमोह व्यर्थ लगता है. इस बात की भी चर्चा रही कि भाजपा के ऐसे समर्पित ओर निष्ठावान वरिष्ठ कार्यकर्ता के परिवार की दु:ख की घड़ी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति न्यूनतम रही. अंतिम यात्रा में शामिल लोगों में समाज के ओर पारिवारिक लोग ही थे .



# 2 साल से लापता नाबालिग बालिका को ढूंढा

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पठारी पुलिस ने लगभग दो वर्ष से लापता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को गंजबासौदा से सकुशल दस्तयाब किया है. 17 अप्रैल 2024 को फरियादी द्वारा पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 363 भादंवि पंजीबद्ध किया गया था. थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव बाजपेई के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका को बरामद किया. अपहर्ता के कथन न्यायालय में कराए गए तथा बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया.इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक गौरव वाजपेई, उत्तम सिंह, गोविंद यादव, चंद्रहास, सतेंद्र ठाकुर एवं कात्यानी नायक की सराहनीय भूमिका रही.विदिशा पुलिस अब तक 309 से अधिक गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों को सकुशल परिजनों से मिलवा चुकी है.

# श्री त्रिपुर सुंदरी शीतला माता मंदिर सिंह द्वार का किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**


**सिरोंज, नगर में पंचकुईयां क्षेत्र में केथन नदी किनारे स्थित प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर परिसर में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा.** कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के मौके पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ने श्री त्रिपुर सुंदरी शीतला माता मंदिर सिंह द्वार का भूमिपूजन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस द्वार के निर्माण की मनोकामना आज साकार होने जा रही हैं. स्थानीय नपा के सहयोग से निर्माण होने वाले इस सिंह द्वार के भूमिपूजन अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि कार्तिक मास में इस स्थान पर कार्तिक महोत्सव का आयोजन किया जाता है. जिसमें प्रतिदिन बड़ी तादाद में माता बहिनें कार्तिक स्नान, पूजन एवं कथा का श्रवण करती हैं. वहीं शाम को मां केथन की आरती एवं दीपदान होते हैं. उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर एवं नदी किनारे स्थित घाट पर होने वाले आयोजनों एवं सुरक्षा की दृष्टि से जनभावनाओं के अनुसार इस प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है. कार्यक्रम में संतोष चौरे ने भी विचार व्यक्त किये. आभार रमेश यादव ने जताया.



# सूने घर में चोरी, कैमरे में कैद हुए चोर

**वार्ड 13 के घर में ताला लगा होने का फायदा उठाकर चोरों बोला धावा**

**पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू की**



**नवभारत न्यूज**

**सांची,** वार्ड 13 में मंगलवार रात चोरों ने उस समय धावा बोला जब घर में कोई मौजूद नहीं था. नगर परिषद में कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील यादव के सूने घर में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बताया जाता है कि सुनील यादव इन दिनों विदिशा के स्वर्णकार कॉलोनी में निवासरत हैं, जबकि उनकी माता कमलावती यादव सांची में रहती हैं और एक माह पूर्व अपने रिश्तेदारों के यहां उत्तर प्रदेश गई हुई थीं.

सुबह जब पड़ोसियों ने घर का गेट खुला देखा तो उन्होंने तुरंत सुनील यादव को सूचना दी.सूचना मिलते ही सुनील यादव सांची पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था.उन्होंने तत्काल थाना सांची में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई.घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं.सुनील यादव ने फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिए हैं. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लगभग 20 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी गए हैं.थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.सांची पुलिस की सक्रियता अब इस वारदात के राज़ से पर्दा कब उठाती है, यह नगरवासियों को इंतजार है.

**जयंती** | **गुरूद्वारों में टेका मत्था, जिले भर में हुए आयोजन**

# धूमधाम से मनाई गुरु नानक देव की 556वीं जयंती

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा प्रति वर्ष की भांति गुरु नानक देव जी की जयंती प्रकाश पर्व उत्सव का आयोजन झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी डंडापुरा में धूमधाम से किया गया.सर्व प्रथम श्री गुरु ग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ का समापन भोग साहिब, गुरुवाणी, शबद कीर्तन,आरती एवं अरदास भाई साहब श्री सनमुख दास के मुखारविंद से किया गया एवं समाज पुरोहित पंडित राकेश शर्मा मुखारविंद से सत्संग कर भजन कीर्तन किया.**

तत्पश्चात प्रसादी वितरण भंडारा लंगर किया गया.इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दीवान मंगतानी संरक्षक चंद्र जोतवानी, मुरलीधर थावरानी, महेश कमरानी ,शंकर लाल छुगानी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,वासुदेव धनवानी ,उपाध्यक्ष महामंत्री मनोज पंजवानी सह सचिव मौसम वलेचा कोषाध्यक्ष दिलीप रामानी सहकोषाध्यक्ष निर्देश कमरानी जगदीश तोलानी विजय सुंदरानी नरेंद्र धनवानी पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी,भारतीय सिंधु सभामहिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती जया लीलानी भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष दिनेश रामानी जी समाज के समस्त वरिष्ठ गण, महिलाएं, युवा तथा बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित हुए.उपरोक्त जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत ऑडिटर रवि तलरेजा ने दी.





### स्वर्णकार कॉलोनी गुरुद्वारे में मनी गुरु नानक जयंती

गुरु नानक देव जी की जयंती के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा. स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में सुबह विशेष अरदास की गई.श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के चरणों में नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की कामना की.अरदास उपरांत विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. इसी क्रम में डंडापुर क्षेत्र स्थित सिंधी धर्मशाला झूलेलाल मंदिर में भी सिंधी समाज के लोगों ने गुरु नानक जयंती हर्षोल्लास से मनाई. सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा तथा समुदाय के सदस्यों द्वारा विशेष लंगर वितरित किया गया.धार्मिक ध्वनि, कीर्तन और सेवाभाव से पूरे दिन क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा.

### गंजबासौदा में भी निकली प्रभात फैरी

गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रभात फैरी का समापन हुआ जो कि पूरे 1 महीने तक चली.आज प्रभात फैरी के समापन के अवसर पर नगर में एक विशाल चल समारोह के रूप में प्रभात फेरी निकल गई.प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत हुआ और सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी मंदिर पर प्रभात फेरी समापन हुआ. इस कार्यक्रम का संचालन पूज्य सिंधी पंचायत की तत्वाधान में हुआ.

# कृषि उपज मंडी के अधिकारी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** कृषि उपज मंडी के अधिकारी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शासन की रीती नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि भावांतर योजना के लिए कृषि उपज मंडी बोर्ड से 1500 करोड़ रुपए का कर्ज़ शासन दबाव बनाकर ले रहा है.इससे मंडी के अधिकारी कर्मचारियों को वेतन में परेशानी आएगी और कृषि उपज मंडी में जो विकास कार्य होना है वह भी रुक जाएंगे.मंडियों आर्थिक स्थिति खराब हो जाएगी और कुछ मंडी बंद भी हो जाएगी. जब कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलेगा तो वह है कैसे काम करेंगे.मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को यह निर्णय वापस लेना चाहिए और मंडी बोर्ड को कंगाल होने से बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए. शासन का यह निर्णय गलत है.मंडी के कर्मचारियों ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर कामकाज किया.

# सांसद खेल महोत्सव में विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की सहभागिता

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, बुधवार को सागर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कुरवाई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हरि सिंह सप्रे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.**

इस अवसर पर विधायक सप्रे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया.कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लारिया, तथा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और खिलाड़ी उपस्थित रहे.विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, ये न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन और एकता की भावना भी सिखाते हैं.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो 84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए